



## एक नजर में



### विवि में होटल मैनेजमेंट और टूरिज्म की दी जानकारी

**सीहोर.** श्री सत्य सांई विश्वविद्यालय की स्कूल ऑफ होटल मैनेजमेंट इकाई में आयोजित छह दिवसीय अटल प्रोग्राम फैकल्टी डेवलपमेंट प्रोग्राम का समापन कुलगुरु डॉ. मुकेश तिवारी के मार्गदर्शन में हुआ. कार्यक्रम में प्रतिभागियों एवं विद्यार्थियों ने होटल मैनेजमेंट और टूरिज्म सेक्टर की आधुनिक तकनीकों और वैश्विक परिप्रेक्ष्य से जुड़ी जानकारी का अध्ययन किया. इस पहल ने न केवल शिक्षकों की गुणवत्ता और क्षमता संवर्धन की दिशा में सार्थक योगदान दिया. बल्कि शैक्षणिक जगत को नई सोच और दृष्टि भी प्रदान की. कार्यक्रम के अंतिम दिवस एक ऑनलाइन क्विज टेस्ट भी आयोजित किया गया. जिसमें प्रतिभागियों को प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया. इस मौके पर डॉ. शाहब अहमद, देवेंद्र प्रताप, डॉ. मोहित गंगवार, डॉ. हेमंत शर्मा, डॉ. संजय राठौर सहित विभिन्न विभागों के प्राचार्य, संकाय सदस्य और छात्र-छात्राएं उपस्थित थे.



### लोक अदालत में 711 प्रकरणों में करोड़ों का अवार्ड पारित

**बुधनी.** तहसील में राष्ट्रीय लोक अदालत का का शुभारंभ जिला एवं अपर सत्र न्यायाधीश डॉ. वैभव विकास शर्मा, न्यायाधीश सपना शिवहरे, मिताली पाठक, अभिभाषक संघ अध्यक्ष कैलाश मालवीय द्वारा किया गया. एडीजे न्यायालय में 78 प्रकरण एवं मजिस्ट्रेट न्यायालय में 101 प्रकरण निराकृत किए गए. वहीं नगर निगम बुदनी, रेहटी, शाहगंज द्वारा जलकर, संपत्ति कर व दुकान कर के 384 प्रकरणों का निराकरण कर 9 लाख 28 हजार 180 रुपए का राजस्व वसूल किया. बैंकों से संबंधित 29 प्रकरणों का निराकरण कर 59 लाख 76 हजार 200 रुपए की वसूली की गई. राजीनामा के आधार पर निराकृत प्रकरणों में न्यायाधीशों द्वारा पौधे वितरण किए गए.



### आदिशक्ति की भक्ति करने युवतियां सीख रहीं गरबा

**सीहोर.** नगर में तीन दिवसीय जागृति गरबा महोत्सव में युवतियों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया. यह आयोजन 26 से 28 सितंबर तक होगा. विगत 10 सितंबर से गरबा प्रशिक्षण युवतियों को दिया जा रहा है. इस बार महोत्सव में अनेक सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं प्रतियोगिता होंगी एवं सुप्रसिद्ध घूमर नृत्य देखने को मिलेगा. गरबे के मुख्य अतिथियों नपाध्यक्ष प्रिंस राठौर, गौरव सन्नी महाजन, पंकज गुप्ता एवं वरिष्ठ समाजसेवी शामिल होंगे. जागृति लोधी ने बताया कि जागृति गरबा महोत्सव में कोडियोग्राफर नवीन चौधरी द्वारा प्रशिक्षण दिया जा रहा है. इस महोत्सव में महिला सम्मान एवं कुटीर उद्योग करने वाली परिश्रमी महिलाओं को भी सम्मान मिलेगा और स्टॉल भी लगाए जाएंगे. संयोजक मनोज लोधी ने बताया कि गरबा में बॉलीवुड एक्टर्स कनिका तिवारी गरबे का मुख्य आकर्षण रहेंगी.



### तीन साल से घर बैठी पत्नी खुश होकर पहुंची ससुराल

**आष्टा.** तहसील विधिक सेवा समिति अध्यक्ष व जिला न्यायाधीश विजय दांगी, न्यायाधीश महेश कुमार चौहान, नदीम जावेद खान, ऋचा शर्मा, ऋचा जैन, भारतीय स्टेट बैंक के उपमहाप्रबंधक सांई कृष्ण श्रीधर राजेश की उपस्थिति में नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया गया. लोक अदालत का चर्चित मामला यह रहा कि ग्राम सास्ताखेड़ी निवासी रीनाबाई तीन वर्ष से पति कन्हैयालाल से मनमुटाव के कारण घर बैठी थी. उसे न्यायाधीश श्रीमती ऋचा जैन अधिवक्ता जीवन सिंह की समझाईश से पति कन्हैयालाल के साथ प्रकरण में समझाईश देकर राजीनामा करवाया गया. दोनों को सम्मान कर ससुराल रवाना किया. लोक अदालत में न्यायाधीश महेश कुमार चौहान द्वारा कुल विद्युत प्रीलिटिगेशन के 1214 प्रकरणों का निराकरण हुआ. जिसमें पक्षकारों को 65 लाख 71 हजार रुपए का लाभ हुआ. साथ ही न्यायालय के 66 प्रकरणों में 144 पक्षकारों को 48 लाख 20 हजार 910 रुपए का लाभ हुआ. न्यायाधीश विजय डांगी के न्यायालय में 95 में से 13 प्रकरण निराकृत हुए तथा 36 पक्षकारों को 59 लाख 05 हजार 869 रुपए का लाभ प्राप्त हुआ. नदीम जावेद खान के न्यायालय में बैंक प्रीलिटिगेशन के 4 प्रकरणों में पक्षकारों को 1 लाख 98 हजार 498 राशि जमा कराई गई एवं न्यायालय के 51 प्रकरणों का निराकरण हुआ जिसमें 135 पक्षकारों से 43 लाख 65 हजार 400 रुपए लाभान्वित हुए. ऋचा शर्मा के न्यायालय में 64 प्रकरणों में से 40 प्रकरण निराकृत हुए तथा 94 पक्षकारों को 26 लाख 41 हजार 200 रुपए का लाभ प्राप्त हुआ. ऋचा जैन के न्यायालय में प्रीलिटिगेशन के सम्पत्तिकर, जलकर के 109 प्रकरणों में पक्षकारों को 6 लाख 67 हजार 340 रुपए जमा कराए गए. न्यायालय के1218 प्रकरणों में से 70 प्रकरण निराकृत हुए. 155 पक्षकारों को 30 लाख 83 हजार रुपए का लाभ मिला.

### धर्मसभा में मुनिश्री सागर महाराज ने दिए प्रवचन

**सीहोर.** संकल्प वृद्धाश्रम में 16 दिवसीय धर्मसभा का आयोजन किया जा रहा है. धर्मसभा में सोमवार को मुनि श्री 108 अक्षय सागर महाराज एवं ऐलक उपशम सागर महाराज द्वारा प्रवचन दिए जाएंगे. समिति ने क्षेत्रवासियों से प्रवचन का श्रवण करने की अपील की है. जितेन्द्र तिवारी, मनोज दीक्षित मामा और धर्मेन्द्र माहेश्वरी ने क्षेत्रवासियों से धर्मलाभ लेने की अपील की है.

# स्मार्ट मीटर को लेकर आमजन में त्राहिमाम

## विद्युत वितरण कंपनी महीने में दो बार थमा रही भारी-भरकम राशि के बिल, नागरिकों में आक्रोश का ज्वार

- विद्युत कंपनी के दफ्तर में रोज नागरिक कर रहे नारेबाजी
- नागरिकों ने स्मार्ट मीटर लगाने का किया पुरजोर विरोध

नवभारत न्यूज

**सीहोर 14 सितंबर. मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी द्वारा उपभोक्ताओं के यहां लगाए जा रहे स्मार्ट मीटर ने उनका सुख चैन छीन लिया है. स्मार्ट मीटर लगने के बाद भारी- भरकम राशि के बिलों ने पहले ही उनकी जान सांसत में डाल रखी थी तो बीते तीन माह से महीने में दो- दो बार बिल आने से लोगों को जीना दूभर हो गया है. रविवार को जिला कांग्रेस ने भाजपा सरकार और विद्युत वितरण कंपनी के खिलाफ जोरदार प्रदर्शन किया. इस दौरान विद्युत वितरण कंपनी का पुतला दहन कर आक्रोश का इजहार किया है.**

बीते कुछ महीनों से शहरवासियों को आर्थिक शोषण का सामना करना पड़ रहा है. मध्यक्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी द्वारा उपभोक्ताओं के घरों के मीटर बदलकर नए स्मार्ट मीटर लगाए जा रहे हैं. जिन उपभोक्ताओं के घरों में यह मीटर लग चुके हैं. उनके दुखों की शुरुआत हो चुकी है. पहले बिजली खपत का जो बिल आता था उससे काफी अधिक राशि का बिल विद्युत कंपनी द्वारा थमाए जा रहे हैं. इतना ही नहीं अब तक बिजली कंपनी ने एक माह में दो बार बिल देना शुरू कर दिया है. जिससे लोगों की आर्थिक स्थिति डांवाडोल हो गई है. मध्यमवर्गीय और निम्न वर्गीय परिवारों के सामने तो फाकाकशी की नौबत आ गई है. रोजाना विद्युत वितरण कंपनी के कार्यालय में लोग पहुंच रहे हैं और नारेबाजी कर रहे हैं, लेकिन इससे विद्युत कंपनी के अधिकारियों पर लेशमात्र भी फर्क नहीं पड़ रहा है.



**सीहोर.** स्मार्ट मीटरों से नागरिकों को रही परेशानियों को लेकर कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने प्रदर्शन कर किया पुतला दहन.

### कहां से करें महीने में दो बार राशि का इंतजाम

कस्बा निवासी दीनदयाल भावसार ने बताया कि पहले उनके घर का बिल 800 से एक हजार रुपए के बीच आता था, लेकिन जब से स्मार्ट मीटर लगा है तब से यह बढ़कर चार से पांच हजार रुपए पर पहुंच गया है. 29 अगस्त को उन्होंने 2017 रुपए का बिल भरा था, लेकिन 11 सितंबर को फिर 2095 रुपए का बिल आ गया है .पहले वाला बिल उन्होंने रुपए उधार लेकर जमा किया था. इस बार फिर लोगों के सामने हाथ फैलाना पड़ेंगे. ऐसी ही कहानी कई परिवारों की है.

### कांग्रेस ने सौंपा ज्ञापन, फूंका पुतला

रविवार को जिला कांग्रेस अध्यक्ष राजीव गुजराती के निर्देशानुसार नेता प्रतिपक्ष विवेक राठौर के नेतृत्व एवं नईम नवाब, ओम वर्मा आदि की उपस्थिति में कार्यकर्ताओं द्वारा कोतवाली चौराहे पर विद्युत मंडल का पुतला दहन कर नारेबाजी की. इस अवसर पर विवेक राठौर ने कहा कि आए दिन नागरिकों शिकायतें देखने को मिल रही हैं कि जिले में विद्युत वितरण कंपनी द्वारा स्मार्ट मीटर लगाने का काम बीते कुछ महीनों से किया जा रहा है. जब से यह स्मार्ट मीटर लगाए जा रहे हैं. तभी से उपभोक्ताओं की शिकायत है कि यह स्मार्ट मीटर स्वतः ही बंद हो रहे हैं और बिजली गुल हो जाती है. महीने में दो बार हो रही बिलिंग सहित तकनीकी गड़बड़ियों का सामना उपभोक्ताओं को करना पड़ रहा है. इस मौके पर कांग्रेस कार्यकर्ता ने विद्युत कंपनी के खिलाफ जमकर नारेबाजी की.

### सेवा पखवाड़ा के तहत स्कूलों में आयोजन

**सीहोर.** जिले में 17 सितंबर से 02 अक्टूबर तक सेवा पखवाड़ा अभियान चलाया जाएगा. अभियान के तहत आम जन की भागीदारी सुनिश्चित करते हुए सबका साथ सबका विकास सबका विश्वास एवं सबका प्रयास तथा बोकल फॉर लोकल की भावना को सशक्त करने का प्रयास किया जाएगा. कलेक्टर बालागुरु के द्वारा सभी विभागों को इस संबंध में निर्देश दिए गए हैं. स्कूलों में विभिन्न गतिविधियां आयोजित होंगी. स्कूलों में प्रधानमंत्री के कार्यक्रम का लाइव प्रसारण दिखाया जाएगा. आत्मनिर्भर भारत विकसित भारत की थीम पर स्कूलों में 17 सितंबर को लेखन कौशल प्रतियोगिता, 18 को वक्तव्य कौशल, 19 को पोस्टर एवं स्लोगन, 20 को दृश्य, चित्रकला एवं प्रदर्शन कौशल और 21 को नमो मैराथन, 22 को समूह चर्चा एवं वाद-विवाद और 23 को राष्ट्रीय प्रतीकों पर क्विज, 24 को स्वास्थ्य जागरुकता चर्चा, 25 को संतुलित आहार चार्ट, 26 को शारीरिक व्यायाम एवं योगा यास, 27 को पानी पीने की आदत पर गतिविधि, 29 को स्वच्छता प्रतिज्ञा, 30 एवं 01 अक्टूबर को लोकल फॉर वोकल गतिविधियां, 02 अक्टूबर को एकता वृक्ष एवं एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत पौधरोपण कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे.

# सुरक्षा मांगने पहुंचे प्रेमी युगल ने थाने में खाया जहर

- सिद्धिकगंज थाना क्षेत्र निवासी है युवक व युवती धार निवासी
- प्रेमी युगल को किया भोपाल रेफर, युवती की हुई मौत





नवभारत न्यूज

**सीहोर 14 सितंबर.** जिले के आष्टा ब्लॉक के सिद्दीकगंज थाने में शनिवार रात सुरक्षा की मांग लेकर पहुंचे एक प्रेमी युगल ने कुछ ही देर बाद थाना परिसर में जहरीला पदार्थ खा लिया. घटना से पुलिस महकमे में हड़कंप मच गया.दोनों को अस्पताल पहुंचाया गया जहां से उन्हें रेफर कर दिया गया. युवती ने उपचार के दौरान दम तोड़ दिया, वहीं युवक की स्थिति गंभीर बताई जाती है.

पुलिस के अनुसार युवक ने अपना नाम देवेंद्र जोशी निवासी नीलबड़ आष्टा बताया, जबकि युवती ने खुद को वंशिका ठाकुर निवासी तिरला जिला धार बताया. दोनों ने दावा किया कि वे बालिग हैं और सहमति से विवाह कर चुके हैं साथ ही थाने में सुरक्षा की मांग भी की. पुलिस ने जब तिरला थाने से संपर्क किया तो पता चला कि युवती की गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज है. परिजनों को सूचना दी गई. इसी बीच युवती थाने के पीछे बने बाथरूम से लौटी और अचानक उल्टियां करने लगी. यह देखकर युवक ने भी जहर खा लिया.

दोनों की हालत बिगड़ते ही पुलिस के हाथ-पांव फूल गए. तत्काल दोनों को अस्पताल ले जाया गया, जहां से आष्टा सिविल अस्पताल रेफर किया. वहां से दोनों को सीहोर और फिर भोपाल रेफर कर दिया गया. भोपाल में युवती ने दम तोड़ दिया, युवक की हालत नाजुक बताई जा रही है। घटना की जानकारी मिलते ही एसडीओपी आकाश अमलकर, नायब तहसीलदार मुकेश सांवले और आष्टा टीआई गिरीश दुबे अस्पताल पहुंचे और जानकारी ली. सूत्रों के अनुसार युवक नौकरी करता है और दोनों के बीच लंबे समय से प्रेम संबंध थे. घरवालों के कोप से बचने और सुरक्षा के लिए वे थाने पहुंचे थे, लेकिन वहां घटी घटना ने मामले को संवेदनशील बना दिया. एसडीओपी आकाश अमलकर ने बताया कि दोनों के बयान दर्ज किए गए हैं. युवती के परिजन पहले से गुमशुदगी दर्ज करा चुके थे. फिलहाल दोनों को इलाज के लिए भोपाल भेजा गया था जहां युवती ने दम तोड़ दिया. पुलिस मामले की जांच कर रही है.

## शिक्षकों ने स्वयं के व्यय से लगवाए पंखे

नवभारत न्यूज

**सीहोर 14 सितंबर.** शासकीय माध्यमिक शाला कोड़ियाछीतु में पंखे के अभाव में बच्चों को काफी परेशानी होती थी, गर्मी में बच्चे पढ़ाई तक नहीं कर पाते थे. इसे देखते हुए शिक्षकों ने स्वयं के व्यय से विद्यालय में पंखे लगवाए.

शिक्षक संजय सक्सेना, शैलेन्द्र सिंह, देवेन्द्र चौहान, देवकरण मालवीय, माधुरी जोशी, फूलवती सेन, मंजू राठौर, शशिबाला नामदेव ने अपने निजी व्यय से 1500-1500 रुपए एकत्र कर कक्षा पहली से आठवीं तक कक्षाओं में पंखे लगवाने का निर्णय लिया. यह पहल न केवल विद्यार्थियों की तात्कालिक समस्या का समाधान करती है. बल्कि यह भी दर्शाती है कि शिक्षक केवल ज्ञान देने तक सीमित नहीं हैं, बल्कि बच्चों के संपूर्ण विकास और सुविधा का भी पूरा ध्यान रखते हैं.ग्रामवासियों एवं अभिभावकों ने शिक्षकों के इस प्रयास का स्वागत करते हुए कहा कि यह कार्य समाज में शिक्षा के प्रति जागरुकता और संवेदनशीलता को बढ़ावा देगा.

प्रधानाध्यापक संजय सक्सेना ने बताया कि हमारा उद्देश्य बच्चों को केवल पाठ्यपुस्तकों तक सीमित ज्ञान देना नहीं है, बल्कि उन्हें ऐसा माहौल उपलब्ध कराना भी है जिसमें वे सहज और प्रेरणादायी वातावरण में पढ़ाई कर सकें. जब बच्चे आरामदायक माहौल में अध्ययन करते हैं तो उनकी सीखने की क्षमता और आत्मविश्वास दोनों में वृद्धि होती है. अन्य शिक्षकों ने भी कहा कि यह पहल बच्चों के हित में एक छोटा सा प्रयास है.

## ओवरब्रिज का हो टू वे सर्विस रोड निर्माण

नवभारत न्यूज



**सीहोर 14 सितंबर.** जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष राजीव गुजराती ने बयान जारी कर विरोध प्रकट किया है कि हाउसिंग बोर्ड स्थित जो ओवर ब्रिज बनाया जा रहा है. वह नागरिकों के आवगवन के मापदण्डों के हिसाब से उचित नहीं है, क्योंकि इस पुराने हाईवे से प्रतिदिन स्कूल और कॉलेज के हजारों विद्यार्थी आते जाते हैं.

इस रोड़ पर बहुत ज्यादा ट्रैफिक रहता है. यहां पर बन रहे ओवर ब्रिज की जब ड्राईंग हो रही थी तब पीड़ी ब्रिज कॉरपोरेशन के अधिकारियों को यह समझ में नहीं आया कि हम जहां ब्रिज को उतारेंगे उसके सामने प्राइवेट भूमि आ जाएगी. प्राइवेट भूमि आने के कारण एक ही तरफ से सर्विस रोड़ दिया जा रहा है. यह सोच का विषय है कि एक ही तरफ से सभी नागरिकों को चढ़ाना पड़ेगा उतरना पड़ेगा. जबकि बाहरी वाहनों का यह रोड़ है तो दुर्घटना का अंदेशा बना रहेगा. मेरा यह आग्रह है. इस ब्रिज पर दोनों तरफ से सर्विस रोड़ बनाया जाए ताकि नागरिकों को आने-जाने में सुगमता हो और दुर्घटनाओं का कारण न बने. ब्रिज कॉरपोरेशन द्वारा बनाए जा रहे इस सिंगल वे ओवर ब्रिज हम विरोध करते हैं और जब तक दूसरी ओर से सर्विस रोड़ नहीं बन जाता तब तक हम सब क्षेत्रीय नागरिकों के साथ कांग्रेस पार्टी आंदोलन करने की तैयारी कर रहे हैं. क्योंकि ब्रिज कॉरपोरेशन द्वारा जो सिंगलवे ओवर ब्रिज का निर्माण किया जात रहा है, वह गलत है.

## तार जोड़ रहे युवक की करंट लगने से मौत

**बुधनी.** शाहगंज थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम सूडानिया में रविवार को एक युवक करंट लगने से गंभीर घायल हो गया. युवक को परिजन अस्पताल ले गए. जहां इलाज के दौरान युवक की मौत हो गई. इस घटना के बाद ग्रामीणों में रोष व्याप्त है. पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है. पुलिस से मिली जानकारी अनुसार रविवार को दोपहर में सूडानिया निवासी 30 वर्षीय मनोज पुत्र घांसीराम अहिरवार पंकज राजपूत के खेत के पास लगे खंबे पर तार जोड़ रहे थे. इस दौरान विद्युत प्रवाह शुरू हो गया जिसमें युवक को करंट लगा युवक गंभीर घायल हुआ था. इस दौरान परिजन नर्मदापुरम अस्पताल ले गए. जहां इलाज के दौरान युवक की मौत हो गई. इस घटना के बाद ग्रामीणों में विद्युत कंपनी के खिलाफ रोष व्याप्त है.

# गरीब मजदूर को 25 लाख का नोटिस

- पीड़ित के आधार कार्ड की मदद से किसी ने बनाई फर्जी कंपनी
- मजदूरी करने वाले युवक को थमाया 25 लाख का नोटिस

नवभारत न्यूज

**सीहोर 14 सितंबर.** जिले के श्यामपुर तहसील के खाईखेड़ा गांव में मजदूर राकेश सिसौदिया पर आसमान टूट पड़ा है. मेहनत-मजदूरी करने वाले राकेश को इन्कम टैक्स विभाग ने 25 लाख रुपये का नोटिस थमाया है. उसका राशन कार्ड भी निरस्त कर दिया है.

राकेश का कहना है कि न तो उसके पास कोई व्यवसाय है और न ही संपत्ति. रोज दिहाड़ी मजदूरी से परिवार का खर्चा चलता है. तीन छोटे-छोटे बच्चों और पत्नी का पेट पालना ही उसके लिए बड़ी चुनौती है. ऐसे में इनकम टैक्स का 25 लाख का नोटिस उसके जीवन को हिला कर रख दिया है.

नोटिस के साथ ही प्रशासन ने राशन कार्ड निरस्त करने का फरमान जारी किया है. उसका आरोप है कि उसके नाम और आधार कार्ड का दुरुपयोग कर चंडीगढ़ और फिरोजाबाद में फर्जी कंपनी खोल दी गई है. तभी इनकम टैक्स विभाग ने नोटिस जारी किया है.पीड़ित राकेश ने अहमदपुर थाने में शिकायत दी है.टीआई रमन सिंह ठाकुर ने बताया कि पुलिस जांच में जुटी है और तथ्य सामने आने पर आगामी कार्रवाई की जाएगी.



### गरीब मजदूर के साथ खड़ा हुआ गांव का हर इंसान

गांव के लोगों और सामाजिक संगठनों ने इसे विभाग की बड़ी लापरवाही बताया है. उनका कहना है कि जहां बड़े उद्योगपति और नेता करोड़ों का टैक्स चोरी कर भी बच निकलते हैं, वहीं एक गरीब मजदूर को झूठे मामले में फंसाकर उसके बच्चों का भविष्य अंधकार में धकेला जा रहा है. संगठनों ने मांग की है कि जांच पूरी होने तक राशन कार्ड चालू रखा जाए और गरीब परिवार को तत्काल राहत दी जाए.

**निरीक्षण** आगामी नवरात्रि और अमावस्या के लिए की जा रही व्यवस्थाओं का जायजा लेने पहुंचे कलेक्टर-एसपी

# सलकनपुर देवीधाम आने वाले श्रद्धालुओं की सुविधा का रखें ध्यान



नवभारत न्यूज

**सलकनपुर 14 सितंबर.** आगामी 22 सितंबर से प्रारंभ होने वाले शारदीय नवरात्री पर सलकनपुर आने वाले श्रद्धालुओं के लिए बेहतर व्यवस्थाओं के संबंध में कलेक्टर बालागुरू के और एसपी दीपक कुमार शुक्ला ने सलकनपुर मंदिर परिसर एवं नर्मदा आंवलीघाट का निरीक्षण किया. साथ ही बैठक आयोजित कर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए.

उन्होंने कहा कि दर्शन के लिए आने वाले श्रद्धालुओं को किसी तरह की कोई परेशानी न हो और सभी श्रद्धालु सुविधाजनक ढंग से पूजा-अर्चना कर सकें. इस दौरान सलकनपुर ट्रस्ट के अध्यक्ष महेश उपाध्याय, एएसपी श्रीमती सुनीता रावत, एसडीएम दिनेश सिंह तोमर सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे. कलेक्टर बालागुरू के ने पार्किंग, पेयजल, साफ-सफाई तथा पर्याप्त बिजली व्यवस्था के अधिकारियों को निर्देश दिए. मंदिर परिसर में श्रद्धालुओं के आगमन तथा निर्गमन की सुगम व्यवस्था के लिए पर्याप्त संख्या में अधिकारी-कर्मचारियों की ड्यूटी लगाने एवं इमरजेंसी के लिए फायर बिग्रेड की व्यवस्था करने एवं मेला स्थल पर दुकानों को व्यवस्थित ढंग से लगवाने तथा मेले के बेहतर प्रबंध के निर्देश दिए.

एसपी श्री शुक्ला ने पुलिस अधिकारियों को सभी मुख्य स्थानों पर पर्याप्त पुलिस बल की ड्यूटी लगाने के निर्देश दिए. ताकि यातायात व्यवस्था किसी भी प्रकार से बाधित न हो. उन्होंने कहा ड्यूटी के दौरान अधिकारी-कर्मचारी किसी भी स्थान पर यातायात बाधित होने पर तुरंत यातायात को सुचारू बनाएं. मंदिर प्रांगण में रोपवे का निरंतर संचालन होता रहे, कलेक्टर ने कहा मंदिर परिसर में श्रद्धालुओं के लिए हेल्थ कैंप लगाए जाए. जिससे बीमार श्रद्धालुओं को आवश्यकता पड़ने पर मेडिकल सहायता प्रदान की जा सके.

### वाहनों के ऊपर जाने पर संशय की स्थिति

मंदिर पर सड़क मार्ग के लिए वाहनों का टेंडर दे दिया गया है. लेकिन अभी असंजस की स्थिति बनी हुई है कि टैक्सियां संचालित होगी या निजी वाहनों से मंदिर में श्रद्धालु पहुचेंगे. यह निर्णय आगामी बैठक में लिया जाएगा. इस मौके पर तहसीलदार युगविजय सिंह, एसडीओपी रवि शर्मा, थाना प्रभारी राजेश कहारे, रामगोपाल टेलर, रिखीराम यादव, जगदीश नाविक, प्रखर नायक आदि मौजूद थे.

## धान उपार्जन के लिए पंजीयन आज से

**सीहोर.** धान उपार्जन के लिए पंजीयन सोमवार से 10 अक्टूबर तक किया जाएगा.किसान अपना पंजीयन लोक सेवा केंद्र, एमपी ऑनलाइन कियोसक, कॉमन सर्विस सेंटर, निजी व्यक्तियों द्वारा संचालित साइबर कैफे, तहसील स्थित सुविधा केंद्र, ग्राम एवं जनपद पंचायत कार्यालय स्थित सुविधा केंद्र, सहकारी समितियों एवं सहकारी विपणन संस्थाओं द्वारा संचालित पंजीयन केंद्र तथा एमपी किसान एप के माध्यम से करा सकते हैं. सिकमी, बटाईदार, कोटवार, वन पट्टाधारी किसानों के पंजीयन की सुविधा केवल सहकारी समिति एवं सहकारी विपणन संस्था स्तर पर स्थापित पंजीयन केन्द्रों पर उपलब्ध होगी. इस श्रेणी के किसानों का सत्यापन राजस्व विभाग द्वारा किया जाएगा.